Need to open Registration for Amarnath Yatra in Jhabua and Alirajpur

श्रीमती अनिता नागरसिंह चौहान **(रतलाम) :** माननीय सभापति जी, मेरे लोकसभा क्षेत्र रतलाम, झाबुआ, अलीराजपुर से श्रद्धालु भाई-बहन बड़ी संख्या में अमरनाथ यात्रा के लिए जाते हैं । यात्रा पर जाने से पहले पंजीयन करवाना पड़ता है और इनको पंजीयन कराने के लिए गुजरात प्रदेश के दाहोद में जाना पड़ता है । यहां लंबी कतार होती है और इससे मेरे क्षेत्र के भाई-बहन परेशान हो जाते हैं ।

मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से मांग करती हूं कि पंजीयन अलीराजपुर व झाबुआ जिले में शुरू कराया जाए ताकि हमारे क्षेत्र के भाई-बहनों को सुविधा हो सके ।